# 10 बीकानेर का राठौड़ राजवंश

1. बीकानेर के शासक गंगासिंह का अल्पायु में राज्यारोहण हुआ, इस कारण शासन संचालन में सहायता के लिए ब्रिटिश भारत सरकार ने किसकी अध्यक्षता में 'रीजेन्सी कौन्सिल' का गठन किया?
(1) कर्नल थॉर्नटन (2) प्रिंस ऑफ वेल्स
(3) लॉर्ड इरविन (4) डब्ल्यू. जी. वाकर (1)

2. राव जोधा के पुत्र राव बीका ने किस सन् में बीकानेर शहर की स्थापना की?
(1) 1588 ई. (2) 1488 ई.
(3) 1459 ई. (4) 1156 ई. (2)

**व्याख्या–** 12 अप्रैल, 1488 ई. को वैशाख शुक्ल तृतीया (आखजीत) को करणी माता के आशीर्वाद से बीकानेर शहर बसाया।

3. बीकानेर का शासक कर्णसिंह किन दो मुगल बादशाहों के समकालीन था?
(1) अकबर व जहाँगीर (2) जहाँगीर व शाहजहाँ
(3) शाहजहाँ व औरंगजेब (4) औरंगजेब व मुहम्मद शाह (3)

**व्याख्या–** कर्णसिंह का शासनकाल 1631–69 ई. तक रहा व मुगल बादशाह शाहजहाँ का शासन 1628–58 ई. तक तथा औरंगजेब का शासनकाल 1658–1707 ई. तक रहा।

4. बीकानेर के जूनागढ़ किले का निर्माता किसे कहा जाता है?
(1) कल्याणमल (2) अनूपसिंह
(3) रायसिंह (4) गंगासिंह (3)

**व्याख्या–** रायसिंह ने 30 जनवरी, 1589 से 17 जनवरी, 1594 ई. के मध्य अपने प्रधानमंत्री कर्मचंद की देख–रेख में जूनागढ़ दुर्ग का निर्माण करवाया।

5. बीकानेर का प्रथम शासक जिसने अकबर की अधीनता स्वीकार की थी?
(1) रायसिंह (2) राव बीका
(3) कल्याणमल (4) राव लूणकर्ण (3)

**व्याख्या–** 1570 के नागौर दरबार में राव कल्याणमल ने अकबर की अधीनता स्वीकार की तथा अपने दो पुत्रों पृथ्वीराज राठौड़ (पीथल) व रायसिंह को अकबर की सेवा में भेजा।

6. 1857 की क्रांति के समय बीकानेर का शासक कौन था?
(1) सरदार सिंह (2) डुंगरसिंह
(3) सूरतसिंह (4) गंगासिंह (1)

7. बीकानेर के किस शासक को बाबर के पुत्र कामरान के आक्रमण का सामना करना पड़ा था?
(1) राव नरा (2) राव जैतसी
(3) राव बीका (4) राव लूणकरण (2)

8. बीकानेर के किस शासक ने भटनेर पर आक्रमण कर उसका नाम हनुमानगढ़ रखा?
(1) सूरसिंह (2) सूरतसिंह
(3) दलपतसिंह (4) कर्णसिंह (2)

**व्याख्या–** सूरत सिंह ने 16 अप्रैल, 1805 ई. में मंगलवार के दिन भटनेर पर आक्रमण कर जापत खाँ को हराकर भटनेर दुर्ग जीता व दुर्ग में हनुमानजी का मन्दिर बनवाया तथा भटनेर का नाम हनुमानगढ़ रखा।

9. बीकानेर के राठौड़ वंश का संस्थापक था–
(1) राव जोधा (2) राव लूणकरन
(3) राव बीका (4) रायसिंह (3)

**व्याख्या–** राव बीका ने 1465 ई. में चाचा कांधल के साथ जांगल देश को जीता व बीकानेर में राठौड़ वंश की नींव रखी व 1488 ई. में बीकानेर शहर बसाया।

10. 'कर्मचन्द्र वंशोत्कीर्तनकं काव्यम्' में राव लूणकरन की दानशीलता की तुलना कर्ण से की गई है, इस पुस्तक के लेखक थे–
(1) दयालदास (2) बीठू सुजा
(3) जयसोम (4) मुनि जईता (3)

11. किस विद्वान ने रायसिंह को 'राजपूताने का कर्ण' की संज्ञा दी?
(1) पृथ्वीराज राठौड़ (2) दयालदास
(3) बीठू सुजा (4) मुंशीदेवी प्रसाद (4)

12. बीकानेर में 33 करोड़ देवी–देवताओं के मन्दिर का निर्माण किस शासक के शासनकाल में हुआ है, जिसमें लगी मूर्तियाँ दक्षिण भारत से तत्कालीन शासक द्वारा मुगलों के दक्षिण अभियान के दौरान लाई गई थी?
(1) रायसिंह (2) सूरसिंह
(3) जोरावरसिंह (4) अनूपसिंह (4)

**व्याख्या–** अनूप सिंह द्वारा 33 करोड़ देवी–देवताओं का मन्दिर, लाहौर से उस्ता कला तथा चुंघेर (अनूपगढ़) की स्थापना की गई।

13. बीकानेर का कौनसा शासक गंगारिसाला तथा लाइट इन्फेंट्री सेनाएँ लेकर अंग्रेजों की सहायता हेतु यूरोप गया था?
(1) सार्दुल सिंह (2) गंगासिंह
(3) डूँगरसिंह (4) गजसिंह (2)

14. 'आधुनिक भारत का भागीरथ' किसे कहा जाता है?
(1) अनूपसिंह (2) गंगासिंह
(3) रायसिंह (4) लूणकरण (2)

15. बीकानेर बसने से पूर्व यहाँ के आसपास के क्षेत्र पर कई जाट जातियों का प्रभुत्व था, सर्वप्रथम किस जाट जाति ने बीका की अधिनता स्वीकार की?
(1) पूनिया (2) जोहिया
(3) गोदारा (4) सारण (3)

**व्याख्या–** बीकानेर क्षेत्र जाटों की 6 शाखाओं (पूनिया, गोदारा, जोहिया, सारण, असिंघ, बेनिवाल) के अन्तर्गत था।

16. दूधवा खारा किसान आंदोलन का संबंध राजपूताना की किस रियासत से है?
(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) मेवाड़ (4) जयपुर (1)

**व्याख्या–** 'दूधवा खारा किसान आंदोलन' बीकानेर रियासत में गंगासिंह व सार्दूल सिंह के शासनकाल में हुआ।

17. जयमल व पता की गजारूढ़ पाषाण प्रतिमाएँ निम्न में से किस किले में लगी हुई है?
(1) मेहरानगढ़ (2) जूनागढ़
(3) आमेर (4) जैसलमेर दुर्ग (2)

व्याख्या– रायसिंह ने जूनागढ़ के सूरजपोल के बाहर जयमल व पत्ता की गजारूढ़ पाषाण प्रतिमाएँ लगवाई।

18. हुरड़ा सम्मेलन 1734 ई. में बीकानेर के किस शासक ने भाग लिया था?
(1) जोरावर सिंह (2) अनूपसिंह
(3) सुजानसिंह (4) महाराजा गजसिंह (3)

19. मारवाड़ के अजीत सिंह व नागौर के बख्तावर सिंह ने जब बीकानेर पर आक्रमण किया तो उस समय बीकानेर के शासक कौन थे?
(1) जोरावर सिंह (2) स्वरूप सिंह
(3) सुजान सिंह (4) दलपत सिंह (3)

20. बीकानेर के किस शासक ने राज्यारोहण के समय महाराजाधिराज की उपाधि धारण की–
(1) राव लूणकरन (2) राव जैतसी
(3) राव कल्याणमल (4) रायसिंह (4)

व्याख्या– रायसिंह ने महाराजाधिराज तथा महाराजा की उपाधियाँ धारण की तथा रायसिंह को राजपूताने का कर्ण/मुगल साम्राज्य का स्तंभ भी कहा जाता है।

21. महाराजा अनूपसिंह के किस दरबारी कवि ने 'अनूप व्यवहार सागर व अनूप विलास' की रचना की?
(1) अनंग भट्ट (2) मणिराम
(3) वैद्यनाथ (4) भाव भट्ट (2)

22. खानवा का युद्ध 1527 के समय बीकानेर के शासक निम्न में से कौन थे?
(1) कल्याणमल (2) राव जैतसी
(3) राव लूणकरण (4) रायसिंह (2)

व्याख्या– खानवा के युद्ध में राव जैतसी ने अपने पुत्र कल्याणमल को सेना देकर सांगा की सहायता हेतु भेजा।

23. बीकानेर के किस शासक को औरंगजेब ने 'महाराजा' एवं 'माही मरातिब' का खिताब देकर सम्मानित किया?
(1) कर्णसिंह (2) लूणकरण
(3) रायसिंह (4) अनूपसिंह (4)

24. बीकानेर के जूनागढ़ में लगी रायसिंह प्रशस्ति के रचयिता निम्न में से कौन है?
(1) कर्मचन्द (2) रायसिंह
(3) जैइता (4) पृथ्वीसिंह (3)

25. मुगल बादशाह औरंगजेब का राजनीतिक सलाहकार निम्न में से बीकानेर का कौनसा शासक था?
(1) अनूप सिंह (2) कर्णसिंह
(3) स्वरूप सिंह (4) सूरसिंह (1)

26. सन् 1485 ई. में बीकानेर बसने से पूर्व राव बीका ने एक गढ़ या दुर्ग का निर्माण शुरू किया लेकिन पुरा नहीं कर पाए, उसे वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है?
(1) बीकाजी की साल (2) बीकाजी की टेकरी
(3) बीकाजी का नोरा (4) बीकमपुर (2)

27. बीकानेर के शासक गंगासिंह द्वारा स्थापित 'ऊँट सेना' का नाम था?
(1) गंगा सेना (2) ऊष्ट्र गंगा
(3) गंगा सागर (4) गंगा रिसाला (4)

व्याख्या– महाराजा गंगासिंह ने उत्तम सैनिक प्रशिक्षण देकर 1889 ई. में 'गंगा रिसाला' नामक एक सैनिक टुकड़ी (ऊँट सवार) तैयार की।

28. नरेन्द्र मंडल (चैंबर ऑफ प्रिंसेज) की स्थापना किस वर्ष की गई?
(1) 1919 (2) 1921
(3) 1923 (4) 1925 (2)


व्याख्या– नरेन्द्र मंडल (चैंबर ऑफ प्रिंसेज) के प्रथम अध्यक्ष 1921 से 1925 ई. तक महाराजा गंगासिंह ही रहे।


29. बीकानेर पर मालदेव का अधिकार हो जाने के कारण राव जैतसी के पुत्र कल्याणमल का राज्याभिषेक निम्न में से किस स्थान पर हुआ था?
(1) कतरियासर (2) ठुकरियासर
(3) सालासर (4) लालासर (2)

30. पृथ्वीराज द्वारा रचित 'वेलि किसन रूक्मणी री' को 5वाँ वेद और 19वाँ पुराण किसने कहा है?
(1) अकबर ने (2) दुरसा आढा ने
(3) एल. पी. टेस्सीटोरी ने (4) कर्नल जेम्स टॉड (2)

31. बीकानेर शासक राव कल्याणमल का शासन काल था–
(1) 1526 –1541 ई. (2) 1541–1574 ई.
(3) 1574–1612 ई. (4) 1465–1504 ई. (2)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।